



# जिला मुस्लिम कमेटी ने किया 16 बस्तियों के हाफिजों का सम्मान

▶ बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए मुस्लिम समाजजन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला मुस्लिम कमेटी द्वारा रविवार को हाफिजों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले की 16 छोटी बस्तियों के हाफिजों का सम्मान कर नजराना पेश किया। जिला सदर इदरीश खान ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज सलमान साहब बोरलाय द्वारा कुरआन की तिलावत से की गई।

कार्यकारी सदर सत्तार मंसूरी, अब्दुल रहीम तिगाले ने इत्र गुलपोशी से सभी का इस्तकबाल किया। वहीं जिला सदर ने जिला मुस्लिम कमेटी के कार्यों को विस्तार बताया।

कार्यक्रम में बोकराटा, पाटी, कसरावद, बोरलाई, दवाना, ब्राह्मण गांव, नंदगांव, लिंबई, मस्जिद अबू बकर ठीकरी, मस्जिद आनंदबेड़ी ठीकरी, नांगलवाड़ी, दुगानी, मालवण, मोयदा, निसरपुर और बड़दा के हाफिजों का पदाधिकारियों ने सम्मान किया। हाफिजों, मेहमानों और कमेटियों को रमजान की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर अवाम की ओर से भी हाफिजों के लिए नज़राने दिए गए।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रिटायर्ड सीएमएचओ डॉ अब्दुल रशीद पटेल, मोहम्मद सादिक शेख, सदर सुन्नत मुस्लिम जमाअत व दारूल कजात एडवोकेट कय्युम कुरैशी, हाजी फजलुर रहमान शेख, मजहर खान, सैयद राजिक अली, सादिक शेख, समाजसेवी सादिक चंदेरी सहित कमेटी के सदस्य सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। संचालन आरिफ शेख ने किया।

# मंडी में अव्यवस्थाओं का अम्बार, किसान परेशान

**बड़वानी, ( नवभारत )।** राजघाट रोड स्थित कृषि उपज मंडी इन दिनों अव्यवस्थाओं से घिरी हुई है। क्षेत्र सहित धार, खरगोन, खंडवा, झाबुआ और आलीराजपुर जिलों के सीमावर्ती गांवों से बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने यहां पहुंचते हैं, लेकिन मंडी में उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। किसानों के लिए बनाई गई कई व्यवस्थाएं कागजों में ही सीमित नजर आ रही हैं।

मंडी में इन दिनों सौंफ और गेहूं की आवक बढ़ने लगी है। सैकड़ों किसान अपनी उपज लेकर शनिवार शाम से ही मंडी परिसर में पहुंच जाते हैं, ताकि अगले दिन बोली लग सके, लेकिन मंडी में उनके लिए न तो भोजन की व्यवस्था है और न ही पीने के लिए ठंडे पानी की। ऐसे में किसानों को एक किलोमीटर शहर में जाकर भोजन और नाश्ता करना पड़ता है। गर्मी की शुरुआत हो चुकी है, बावजूद इसके मंडी परिसर में टंकी से गर्म पानी ही मिल रहा है। मंडी में किसानों के आराम के लिए बनाए गए कृषक विश्राम भवन के ताले अधिकांश समय बंद रहते हैं। कई किसानों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें मंडी परिसर में ही रात गुजारनी पड़ती है। दूसरी ओर परिसर में बने शौचालयों की स्थिति भी बेहद खराब है। साफ-सफाई के अभाव में वहां गंदगी फैली हुई है, जिसके कारण कई किसानों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है।







### ▶ मंडी में उपलब्ध हैं किसानों के लिए सभी सुविधाएं

मंडी में प्रतिदिन गेहूं की आवक हो रही है, जबकि रविवार को सौंफ की आवक अधिक रहती है। नए इलेक्ट्रिक बड़े तौल कांटे के लिए प्रस्ताव भेजा है। मंडी छोटी होने से ठंडे पानी की आरओ मशीन के लिए बजट नहीं है। टंकी की सफाई हर सप्ताह कराई जाती है तथा ट्यूबवेल और रांझन से ताजा पानी की व्यवस्था की जाती है। टीनशेड में प्याज की बोरियां रखने वाले व्यापारियों को 3 दिन में हटाने का नोटिस दिया है। शौचालयों की सफाई भी कराई जा रही है और किसानों के आने पर कृषक भवन के ताले खुलवा दिए जाते हैं।

**सुमन बड़ोले, मंडी सचिव कृषि उपज मंडी बड़वानी**

टीनशेड पर सब्जी ब्रोकरों ने प्याज की बोरियां जमा कर कब्जा कर रखा है। इससे किसानों को उपज रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। वहीं मंडी का इलेक्ट्रिक तौल कांटा भी कई वर्षों से बंद पड़ा है, जिससे किसानों और व्यापारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। परिसर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे मंडी की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई बार किसानों को खुद ही जगह साफ कर उपज की बोरियां रखने की व्यवस्था करनी पड़ती है।

किसानों का कहना है कि सरकार किसानों की सुविधा के लिए कई योजनाओं की घोषणा करती है, लेकिन मंडी में उनकी जमीनी स्थिति अलग ही नजर आती है। वर्ष 2017 में किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार व्यवस्था लागू की गई थी, लेकिन यहां उसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है। भाव प्रदर्शित करने वाली स्क्रीन भी लंबे समय से खराब पड़ी है।

खंडवा जिले की हरसूद तहसील के ग्राम खार निवासी हरेराम ने बताया कि वह शनिवार शाम को आठ बोरी सौंफ लेकर मंडी पहुंचे थे, लेकिन रहने की कोई व्यवस्था नहीं होने से उन्हें मंडी परिसर में ही सोना पड़ा।

धार जिले के टांडा निवासी प्रेमसिंह ने बताया कि शौचालय में गंदगी फैली हुई है, जिससे खुले में शौच जाना पड़ रहा है। किसान करम सिंह ने बताया कि मंडी में टंकी का गर्म पानी पीना पड़ता है और सफाई कब हुई, इसकी भी कोई जानकारी नहीं मिलती।

# गणगौर की धूम, 21 को खुलेंगी माता की बाड़ी

**निवाली, ( नवभारत )।** निमाड़ के सांस्कृतिक गौरव और आस्था के महापर्व गणगौर को लेकर नगर में उत्साह देखा जा रहा है। हर कोई माता की अगवानी के लिए उत्सुक और लालायित है। गणगौर पर्व आयोजन समिति की बैठक में पर्व के सफल संचालन एवं माता के विश्राम को लेकर चर्चा की।



बाड़ी के पुजारी पिंटू महाराज ने बताया कि माता की बाड़ी 21 मार्च को खोल दी जाएगी। इसके बाद से ही उत्सव की रौनक और बढ़ जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि माता नगर में दो दिनों तक रोकी जाएगी। जिसमें 22 को माता का पड़ाव विनोद वर्मा के निवास पर रहेगा। 23 को जय ओंकार भिलाला समाज द्वारा माता को रोक कर सेवा-अर्चना की जाएगी तथा 24 मार्च को माता का विसर्जन किया जाएगा।

समिति ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। केवल पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाएगा, ताकि पर्व की मौलिकता और निमाड़ी संस्कृति का संरक्षण हो सके।

बैठक में बाड़ी के पुजारी पिंटू महाराज, संतोष राठौड़, अशोक वाणी, उमेश मालवीया, विनोद वर्मा, चम्पालाल चौधरी, प्रमोद यादव, कल्याण बघेल, चरण सिसोदिया, दिनेश ब्रह्मणे, पन्नालाल इस्के, पार्षद योगिता राठौड़, लक्ष्मी जाधव सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# वैष्णव बैरागी समाज की बैठक

**बड़वानी, ( नवभारत )।** वैष्णव बैरागी समाज ने सेंगाव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की। इसमें समाज के लोगों द्वारा सामाजिक कार्यों में सहभागिता कर परस्पर मेल मिलाप व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के विषय पर चर्चा की गई।

सदस्यों ने प्रतिमाह ऐसी बैठक आयोजन की व्यवस्था के लिए मासिक बीसी का प्रस्ताव दिया। जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लेकर प्रतिमाह 1 हजार रु की राशि एकत्रित करने व लॉटरी सिस्टम से पर्ची निकालकर नाम की घोषणा कर बीसी की राशि देने का निर्णय लिया। बीसी बैठक का उद्देश्य समाज के लोगों का मेल मिलाप है, प्रत्येक माह के हर दूसरे सप्ताह में बैठक आयोजित की जाएगी। यह सामाजिक एकता के क्षेत्र में बढ़ाया गया कदम है। रविवार को समाज के गणेश वैष्णव एवं गोपालदास शर्मा के नाम की संयुक्त पर्ची निकली, उन्हें प्रथम बीसी की राशि दी गई, अगली बीसी बोरलाई स्थित गणेश वैष्णव के घर रखने पर सहमति दी गई है। बैठक में समाज के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र वैष्णव, एडवोकेट महेश वैष्णव, पंडित परशराम, देवेन्द्र पंडित, ललित बैरागी, मयूर शर्मा, दिनेश बैरागी, महेश बैरागी, ओम दास आदि उपस्थित रहे।

# देवमोगरा दर्शन के लिए निकले पदयात्री



**पानसेमल, ( नवभारत )।** आदिवासी समाज की आराध्य और कुलस्वामिनी देव मोगरा माताजी के दर्शन के लिए भील आमदा से देवमोगरा माता भक्त मंडल के पदयात्रियों ने यात्रा रविवार को शुरू की। यात्रा में बच्चें, महिला व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हैं। पदयात्री मप्र और महाराष्ट्र से होकर गुजरात स्थित कुलदेवी देवमोगरा माता का दर्शन कर परिवार सहित क्षेत्र की कुशल कामना के साथ मन्नत उतारेंगे। पदयात्रा करीब चार दिन में देवमोगरा पहुंचेगी।

पूर्व सरपंच बाबूलाल मोरे ने बताया कि देवमोगरा माता आदिवासी समाज की कुलदेवी है। जिसमें सभी की गहरी आस्था है। चौथे वर्ष की यात्रा में पदयात्री गुलाबी वस्त्र पहने जयकारों के साथ चल रहे हैं। महिलाओं द्वारा सिर पर माताजी को अर्पित की जाने वाली 7 धन्य व पुजन सामग्री धारण कर रखी थी। जिसे पूजा-अर्चना कर वापस घर लाया जाता है। इस वर्ष सतीलाल ठाकरे, बाबूलाल मोरे, रघु ब्राह्मणे ने श्रद्धालुओं के साथ लकड़ी से देवमोगरा माताजी मंदिर की कलाकृति को भी बनाकर ट्रेक्टर पर ले जाया जा रहा है। पदयात्रा में जगह जगह श्रद्धालुओं के नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था भक्तों द्वारा की जाती है। पदयात्रा में बाबूलाल मोरे, चंदूलाल मोरे, मुन्ना वसावे, पिंटू वड़वी, अमरसिंह ब्राह्मणे, शांतिलाल नावड़े, रतिलाल मोरे, अनिल वसावे, राजेंद्र भंडारी, बसंत पवार, कैलाश पवार, नारायण रावत, जयमल पाडवि, श्रावण वसावे, ईलू बाई मोरे, बायसी बाई, सुनीता बाई मोरे, बबीता बाई भंडारी, काकी बाई वसावे, नमली बाई मोरे, सेवनी बाई मोरे, रमिला बाई पिंटू वलवी सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## एक नजर में

### देपालपुर में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस सम्मेलन आयोजित

**देपालपुर .** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस का सम्मेलन आयोजित किया गया . कार्यक्रम में पंच, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष तथा संगठन के पूर्व पदाधिकारी शामिल हुए . इस अवसर पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मनोज गौतम, इंदौर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, राधेश्याम पटेल तथा क्षेत्र के कई वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे . इस अवसर पर बेटमा नगर अध्यक्ष एवं समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया . कार्यक्रम में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, दुग्ध संघ पूर्व अध्यक्ष उमा नारायण पटेल एवं सत्यनारायण पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाना है, संगठित होकर हम सब काम करें, जो जवाबदारी पार्टी ने सौंपी है, उसे ईमानदारी से निभाएं . उन्होंने कहा कि कांग्रेस अंतिम आदमी तक पहुंचना चाहती है . कांग्रेस पन्ना प्रमुख भी बनाने जा रही है, समिति बनाएगी तथा 20-20 घरों के परिवारों को भी जोड़ना चाहेगी . समितियां बनेंगी, पदाधिकारी भी बनाए जाएंगे . लगातार संगठन की मजबूती की ओर ध्यान दिया जाएगा, ऐसे में एकजुटता बहुत जरूरी है . सभी का चयन स्थानीय कार्यकर्ता एवं कमेटी द्वारा किया जाएगा, पैराशूट की तरह कोई भी नहीं उतर जाएगा .



### गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी पर लग रही भीड़, उपभोक्ता परेशान



**महू .** शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं . उपभोक्ताओं को गैस बुक कराने के 8 दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनके रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं . शनिवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस एजेंसी कार्यालय पहुंचे . कार्यालय के बाहर लोगों की भीड़ लग गई . उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार एजेंसी से संपर्क करने पर भी उन्हें केवल इंतजार करने को कहा जा रहा है . कई घरों में गैस खत्म हो चुकी है, जिसके कारण खाना बनाने में भी समस्या आ रही है . उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो उन्हें और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा . उन्होंने गैस एजेंसी और संबंधित विभाग से तत्काल सिलेंडर की आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके .

### अग्रसेन चौराहे पर पतझड़ के पत्तों से फैली गंदगी

**महू .** शहर में गर्मी का मौसम शुरू होते ही कई स्थानों पर गंदगी की स्थिति सामने आने लगी है . महू के मुख्य अग्रसेन चौराहे पर इन दिनों पतझड़ के पत्तों का ढेर लगा हुआ है, जिसे उठाने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है . बताया जा रहा है कि शहर में सफाई व्यवस्था के नाम पर बड़े-बड़े ठेके दिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई दे रही है . कई बार शहर में निकलने वाली धार्मिक और सामाजिक यात्राओं के दौरान पुष्प वर्षा से सड़कों पर फैला कचरा तो पीछे-पीछे उठाया जाता है, लेकिन शहर के अन्य स्थानों पर फैली गंदगी पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है . अग्रसेन चौराहे के आसपास के दुकानदारों ने बताया कि सुबह से शाम तक यहां पतझड़ के पत्तों की गंदगी बनी रहती है . वहीं सामने स्थित दुकानों के मालवा परिसर जो नाली बनी हुई है, उसकी भी नियमित सफाई नहीं हो रही है . दुकानदारों का कहना है कि सफाई नहीं होने के कारण दिनभर मच्छरों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ वहां आने वाले ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है .

# घर में काम करने आई युवती ने ही उड़ाए थे जेवर

▶ आरोपी को गिरफ्तार कर ढाई लाख के आभूषण किए बरामद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में घर में काम करने आई युवती द्वारा सोने के जेवर चोरी करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी युवती को गिरफ्तार कर उससे करीब ढाई लाख रुपए कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए हैं. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के भाई की शादी होने वाली थी और पैसों की जरूरत के चलते उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया.**

अतिरिक्त डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर में दीपक पंचोली के घर से सोने के आभूषण चोरी होने की घटना का पुलिस ने तुरंत खुलासा कर दिया. मामले में घर पर काम करने आई युवती को ही आरोपी पाया और उसे गिरफ्तार कर लिया. मामला इस प्रकार हैं कि नंदा नगर में रहने वाले दीपक पंचोली ने दो दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर से दो सोने के मंगलसूत्र पेंडल, एक मांग टीका, एक सोने की चैन, छह मोती और कान की बालियां चोरी हो गई हैं. फरियादी ने शक जताया था कि घर में काम करने आई युवती ममता कुशवाह ने मौका पाकर घर के ऊपरी हिस्से से जेवर चुरा लिए. शिकायत के आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी आरडी कानवा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी, टीम ने भागीरथपुरा और आसपास के क्षेत्रों में करीब आठ घंटे तक लगातार सर्च अभियान चलाया और आरोपी युवती को चिन्हित कर पकड़ लिया.



पूछताछ में उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली. आरोपी के पास से चोरी किए गए सोने के दो मंगलसूत्र पेंडल, एक मांग टीका, एक चैन, छह मोती और सोने की बालियां बरामद की हैं, जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है. जांच में सामने आया कि आरोपी ममता कुशवाह उम्र 18 साल निवासी भागीरथपुरा के भाई की शादी होने वाली है और पैसों की जरूरत के चलते उसने घर में काम करने के दौरान जेवर देखकर चोरी की योजना बना ली. आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**इंदौर.** बड़गोंदा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई. गंभीर रूप से घायल युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 22 वर्षीय रोहित, पिता बद्री निवासी बड़वानी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि रोहित शक्ति कोल्ड स्टोर के पास से गुजर रहा था, तभी तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा.

राहगीरों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद बड़गोंदा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है. वहीं पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर टक्कर मारकर फरार हुए वाहन और चालक की तलाश में जुटी है.

### तीसरी मंजिल से गिरे युवक ने दम तोड़ा

**इंदौर .** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में मकान की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई . थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि मृतक की पहचान 26 वर्षीय आकाश, पिता लक्ष्मीकांत साहू निवासी गाड़ी अड्डा के रूप में हुई है . बताया जा रहा है कि आकाश अपने घर की तीसरी मंजिल पर मौजूद था . इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया, गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं . परिजन और आसपास के लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया .

# मोबाइल टावर से बीटीएस बेसबैंड कार्ड चोरी, नेटवर्क हुआ ठप

**इंदौर.** तिलकनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर से नेटवर्क संचालन के लिए उपयोग होने वाला अहम तकनीकी उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है. पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि श्रीजी वैली में रहने वाले 46 वर्षीय बिजू मेथु ने बताया कि वह इन्डस टॉवर लिमिटेड में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है. उसे परिचारिका नगर स्थित मोबाइल टावर साइट बंद होने की सूचना मिली. उन्होंने इसकी जानकारी अपने एरिया मैनेजर और क्लस्टर मैनेजर को दी और उनके निर्देश पर साइट की जांच करने पहुंचे. मौके पर पहुंचकर देखा तो वहां वीआईएल कंपनी का बीटीएस बेसबैंड कार्ड और उससे जुड़ी अन्य तकनीकी सामग्री गायब थी. चोरी हुए उपकरण का सीरियल नंबर सीडी 35296513 ( बेसबैंड-5216 ) बताया गया है.

# पार्किंग में आग से तीन प्राइवेट बसें जलकर हो गईं राख

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन इमली स्थित प्राइवेट बस पार्किंग में शनिवार देर रात अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. आग की चपेट में आकर पार्किंग में खड़ी तीन प्राइवेट बसें जलकर खाक हो गईं.

फायर ब्रिगेड के एसआई संतोष दुबे ने बताया कि रात में बस पार्किंग में आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल दमकल टीम मौके पर पहुंची. आग तेजी से फैलने के कारण पास-पास खड़ी श्रीनाथ बस, निधि बस और देवा बस भी इसकी चपेट में आ गईं. आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और तीन-चार टैंकर मौके पर लगाए गए. करीब 30 हजार लीटर पानी की मदद से लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पाया जा सका. दुबे ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, हालांकि तीनों बसें पूरी तरह जल गईं. आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है. इधर, घटना की जानकारी मिलते ही भंवरकुआं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी.

**एक नजर में** ▶ नगर निगम मुख्यालय और झोन कार्यालय के चक्कर काट रहे पात्र हितग्राही, नहीं सुनी जा रही फरियाद

# लंबे समय से नहीं मिल रही कई हितग्राहियों को वृद्ध और विधवा पेंशन

▶ नगर निगम मुख्यालय और झोन कार्यालय के चक्कर काट रहे पात्र हितग्राही

**इंदौर.** केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्वनिधि, मुद्रा, वृद्ध एवं विधवा पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं. इसके तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, हालांकि, कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियात्मक देरी और प्रशासनिक चुनौतियों के कारण पात्र लोगों को समय पर मदद न मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं. इससे संबंधित हितग्राही परेशान हो रहे हैं.



ऐसा ही मामला महू नाका क्षेत्र के वार्ड 67 स्थित बल्दा कॉलोनी में सामने आया है, जहां वृद्ध एवं विधवा पेंशन योजना का लाभ कई लोगों को लंबे समय से नहीं मिल पा रहा है. क्षेत्र में अधिकांश लोग मजदूर और निम्न आय वर्ग वाले निवासरत हैं. यहां रहने वाली महिलाओं और बुजुर्गों से बातचीत करने पर पता चला कि किसी की पेंशन पिछले आठ महीनों से बंद है, तो किसी की पेंशन को बंद हुए करीब दस साल हो चुके हैं, वहीं कुछ हितग्राहियों का कहना है कि उन्हें आज तक पेंशन योजना का लाभ ही नहीं मिल पाया. हालांकि पेंशन की राशि ज्यादा नहीं है, फिर भी हितग्राहियों को करीब 600 रुपये प्रतिमाह मिलते थे, जो कि गरीब परिवारों के लिए यह राशि भी काफी अहम मानी जाती है. इन पैसों से वे अपनी छोटी-मोटी जरूरतें पूरी कर लेते थे. पेंशन बंद होने से कई लोगों में नाराजगी और निराशा का माहौल है. क्षेत्र के हितग्राही चाहते हैं कि शासन-प्रशासन इस समस्या पर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द पेंशन योजना को सुचारू रूप से चालू कराए, ताकि जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके.

### ▶ यह बोले हितग्राही...



बस दो बार पैसे मिले, उसके बाद करीब 10 साल हो गए, पेंशन बंद हो चुकी है . झोन भी गए थे, वहां से बोला गया कि ऊपर से ही बंद कर दी गई है . - शशिकला बाई



आठ महीने से मेरी पेंशन बंद है, जब झोन पर जाकर बात की तो उन्होंने फॉर्म भरवाकर कहां कि फार्म ऊपर पहुंचाएंगे, पेंशन चालू हो जाएगी, लेकिन आज तक पेंशन चालू नहीं हुई . - त्रिवेणी बाई



पति को गुजरे बारह वर्ष हो चुके हैं, उस समय सहायता की राशि भी नहीं दी, विधवा पेंशन भी चालू नहीं की गई . कई बार फॉर्म जमा किए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती . -अनीता बाई